भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †3845

सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

फोर्ट कोच्चि समुद्र तट का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण

†3845. श्री हैबी ईडन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय पर्यटन उद्योग विभिन्न चुनौतियों/समस्याओं/कठिनाइयों का सामना कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार का ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व को ध्यान में रखते हुए केरल के एर्नाकुलम में फोर्ट कोच्चि समुद्र तट के जीर्णोद्धार के लिए विशेष निधि आवंटित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने प्रमुख पर्यटक आकर्षण होने के बावजूद उपेक्षित अवस्था वाले फोर्ट कोच्चि समुद्र तट और वॉकवे के जीर्णोद्धार की तत्काल आवश्यकता का संज्ञान लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का फोर्ट कोच्चि समुद्र तट का दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए इसे किसी विद्यमान या आगामी पर्यटन विकास योजनाओं में शामिल करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार द्वारा केरल राज्य सरकार को फोर्ट कोच्चि समुद्र तट के तत्काल जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन क्षेत्र में समय-समय पर सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों, चुनौतियों और कठिनाइयों का निराकरण करना एक सतत प्रक्रिया है। यद्यपि, पर्यटन के विकास एवं संवर्धन से संबंधित विभिन्न मुद्दे संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के दायरे में आते हैं, तथापि, पर्यटन मंत्रालय पर्यटन अवसंरचना विकास, विपणन एवं संवर्धन, कौशल विकास आदि की अपनी योजनाओं के माध्यम से, देश में विभिन्न पहलों को आरंभ करके इन पर्यटन विकास प्रयासों को संपूरित करता है।

(ग) से (च): पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन और तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजनाओं के तहत पर्यटन संबंधी परियोजनाओं को शुरू करने के

लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ऐसी सहायता संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति और सरकार द्वारा समय-समय पर जारी योजना दिशा-निर्देशों एवं अनुदेशों के अनुपालन, बजट की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन प्रदान की जाती है।

इस समय फोर्ट कोच्चि समुद्र तट के जीर्णोद्धार के लिए पर्यटन मंत्रालय के पास विशेष निधियां आबंटित करने के लिए सक्रिय रूप से कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

तथापि, वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना की शुरूआत से मंत्रालय ने केरल राज्य में 5 परियोजनाओं सहित 5287.90 करोड़ रु की लागत से विभिन्न विषयक परिपथों के तहत कुल 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

अब मंत्रालय ने स्थायी गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है और केरल राज्य में 1 परियोजना सहित 791.25 करोड़ रुपये की लागत से देश में 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय ने 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजना के तहत केरल राज्य की एक परियोजना सहित देश में 1620.21 करोड़ रुपये की 48 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' के तहत 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिसमें केरल राज्य में 2 परियोजनाएं शामिल हैं।

स्वदेश दर्शन, एसडी 2.0, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत केरल राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री हैबी ईडन द्वारा फोर्ट कोच्चि समुद्र तट का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण के संबंध में दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3845 के भाग (ग) से (च) के उत्तर में **विवरण**

केरल राज्य में स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0, प्रशाद और एसएएससीआई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है

स्वदेश दर्शन योजना		
परिपथ/स्वीकृति का वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
इको परिपथ 2015-16	पथनमथिट्टा - गावी - वोगामोन - तेक्कडी का विकास	64.08
आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली - पंपा - सन्निधानम का विकास	46.54
आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री पद्मनाभ मंदिर, अर्नामुला का विकास	78.08
ग्रामीण परिपथ 2018-19	मलानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35
धार्मिक परिपथ 2018-19	शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मणिया - चेम्बाझंती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.42
स्वदेश दर्शन 2.0 योजना		
2023-24	कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरिएंस	13.92
प्रशाद		
2016-17	गुरुवायूर मंदिर में विकास	45.19
एसएएससीआई		
2024-25	कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको-मनोरंजन हब	59.71
2024-25	सरगालय में मालाबार का सांस्कृतिक क्रूसिबल ग्लोबल गेटवे	95.34

*****